St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –22)** **Date: 07.12.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -4**

'एक सैनिक की आत्मकथा ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो |

संकेत बिंदु -

- सैनिक बनने का सपना

- नाम और परिवार

- सैनिक बनने की तैयारियाँ

-कारगिल का युद्ध

- भारत माता की सेवा का प्रण

'एक सैनिक की आत्मकथा'

मैं एक सैनिक हूँ | मेरी माँ जब भी मुझे भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद या महाभारत की कहानियाँ सुनाती थी , तो मेरा मन करता था कि मैं भी बड़ा होकर एक वीर सैनिक बनूँ और और आपने देश की रक्षा करूँ |

मेरा नाम अजीत सिंह है | मेरे पिताजी स्वर्गीय श्री करमचंद सिंह भी भारतीय सेना में थे ,जिन्होंने भारत - चीन युद्ध में अपना बलिदान दिया था | मेरे दादाजी भी सेना में थे | इस प्रकार देश -सेवा की प्रेरणा मुझे विरासत में मिली है |

मुझे सेना में भर्ती की परीक्षा में अच्छे अंक मिले | फिर मुझे प्रशिक्षण के लिए पठानकोट भेजा गया | वह दिन मेरे लिए सबसे सुखद था , जब मुझे भारतीय सेना लिए नियुक्त किया गया | मैं अपने कर्तव्य का पालन करता रहा और छुट्टियों में घर जाता था , तो सबको बहुत गर्व होता था |

कारगिल के युद्ध में मुझे पाकिस्तान से लड़ने का मौका मिला | सब धर्म के लोग एक साथ लड़कर एकता का परिचय दे रहे थे | दोनों तरफ से गोलियां चल रही थी |हम लोगों ने दुश्मनो के कई टैंकों को नष्ट किया | वीरता से लड़ते हम लोग आगे बढ़ते गए | तभी एक गोली मेरे दाहिने हाथ पे लगी | जब होश आया तो मैंने

अपने को अस्पताल में पाया। अब मैं ठीक हूँ और सेना का एक अंग हूँ। मेरी शादी हो गई और एक बेटा भी है।

मैं चाहता हूँ कि मेरा बेटा भी बड़ा होकर एक वीर सैनिक बने। मैं प्रण लेता हूँ कि मैं जब तक जीवित हूँ , भारत माता की सेवा करता रहूँगा। जय हिन्द।

Poonam Mehra